कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई-II द्वारा फसल अवशेष प्रबन्धन पर जागरूकता कार्यक्रम एवं कृषि चौपाल कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद -केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई-II, द्वारा दिनांक 7 दिसम्बर 2024 को फसल अवशेष प्रबन्धन परियोजना के अन्तर्गत विकासखण्ड स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम एवं कृषि चौपाल कार्यक्रम का सजीव प्रसारण का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के प्रथम सत्र में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, डॉ. पंकज नौटियाल ने कार्यक्रम में आये सभी अथितियों एवं किसान भाइयों, बहनों का स्वागत किया गया और फसल अवशेष परियोजना की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के विशिष्ठ अथिति एवं क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान-केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक, डॉ.संजय अरोरा ने फसल अवशेष प्रबन्धन के विभिन्न उपयोग एवं इनके द्वारा अवशेष को सड़ाने के लिए जैविक अपघटक (हेलो-सीआरडी) कैसे कार्य करता है एवं उसके प्रयोग विधि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के विशिष्ठ अथिति, रघुनन्दन महाविद्यालय के प्रबन्धक श्री. धीरज सिंह चौहान जी ने कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यों की सराहना की और कृषि विज्ञान केंद्र से अधिक से अधिक लाभ लेंने के लिए उत्साहित किया | कार्यक्रम के मुख्य अथिति डॉ. अतुल कुमार सिंह, अध्यक्ष ए.एन.आर.सी.एम सोसाइटी, लखनऊ एवं पूर्व प्रधान वैज्ञानिक ने जीरो टिलेज से खेत की सीधी बुवाई से फसल लागता में कमी एवं समय के बारे में विस्तृत जानकारी दी और साथ ही फसल सिचाई की उन्नत विधियों के बारे में महत्व पूर्ण जानकारी दी। केंद्र के मृदा विशेषज्ञ डॉ त्रिलोक नाथ राय ने फसल अवशेषों को खेत में मिलाने से मृदा गुणवत्त में सुधार एवं वातावरण व मानव को होने बाले नुकशान के बारें में जानकारी दी | प्रसार विशेषज्ञ मोहित सिंह ने मंच का सफलतापूर्वक संचालन किया। थांगा अनुसया, मत्स्य विज्ञान विशेषज्ञ ने कार्यक्रम में आये सभी किसान भाई एवं बहनों का मत्स्य से सम्बंधित जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में कृषि विभाग के श्री प्रमोद सिंह, श्री रविकांत मिश्रा, श्री जय प्रकाश उपस्थित थे । कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई-II, द्वारा कृषि चौपाल कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया |

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा रबी फसल का बीज वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ त्रलोकी सिंह, शस्य विज्ञान विशेषज्ञ ने किया। कार्यक्रम में हरदोई जिले के भरावन, संडीला एवं कोथांवा ब्लॉक के ग्राम परसा, पूरवामान, लालामाऊ, मदारी खेडा, गंगापुर, टिक्राराखुर्द, रहीमाबाद ग्रंट, इटौंजा, गोनी गुडबा, गोडवापट्टी, छावन, रामपुर, धिकुन्नी, पवाया, सरवा, बरैया, पिरनखेड़ा ,मदारी खेड़ा, बसंतापुर के 375 से अधिक प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

कृषि विज्ञान केन्द्र, हरदोई - II
HEAD
KVK
Dr. PANKAJ NAUTIYAL
Dr. SANJAY ARORA

कृषि विज्ञान केन्द्र, हरदोई - II